राज्यपाल सचिवालय,

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की संवेदना

जयपुर, 27 सितंबर । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री जसवंत सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहां है कि स्वर्गीय जसवंत सिंह का देश व प्रदेश की राजनीति में विशेष महत्व था । वे प्रखर वक्ता , मिलनसार और कुशल जनप्रतिनिधि थे। उनके निधन से राजस्थान और देश ने एक राजनीतिज्ञ व सपूत को खो दिया है ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि स्वर्गीय श्री सिंह ने देश के विदेश मंत्री , रक्षा मंत्री, वित्त मंत्री और योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमात्मा से प्रार्थना की है।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क)
राज्यपाल,राजस्थान
9829271189